कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, बदायूँ।

पत्र संख्या /जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2026–27 दिनांकः– 3-11-26

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–1/1092245/2025 /3313/58–1–2025(1917687) दिनांक 17.09.2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद बदायूँ के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0सं0	परियोजना का नाम	आंगनबाड़ी केन्द्र पर रिक्त AWW आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पदों का विवरण				कुल विज्ञाप्ति संख्या
		सामान्य	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	
1	AMBIYAPUR	13	6	3	0	22
2	SAMRER	8	3	2	0	13
3	SAHSWAN	27	16	15	0	58
4	ISLAMNAGAR	8	5	5	0	18
5	DATAGANJ	12	5	4	0	21
6	SALARPUR	19	8	6	0	33
7	BISAULI	12	5	7	0	24
8	DAHGAWAN	11	1	4	0	16
9	USAWAN	11	10	5	0	26
10	MION	12	4	7	0	23
11	JAGAT	8	4	3	0	15
12	QADARCHOK	13	3	4	0	20
13	CITY	15	5	11	0	31
14	UJHANI	5	3	2	0	10
15	ASAFPUR	14	9	4	0	27
16	WAZIRGANJ	16	8	10	0	34
	TOTAL	**204**	**95**	**92**	**0**	391

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण अन्य पिछडा वर्ग एवं अनुसूचित जाति हेतु निर्धारित है। **ई0डब्लू0एस0, दिव्यांग, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी आदि हेतु आरक्षण निर्धारित नही है।** उक्त पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर अपलोड़ है। उपरोक्त रिक्त केन्द्रों पर जारी विज्ञप्ति की संख्या धटायी जा सकती है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1. विज्ञाप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
2. रिक्त पदों (ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या समकक्ष एवं अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा का स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि 01 जुलाई 2026 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। आयु के सम्बन्ध में ऑगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिका के लिए हाईस्कूल अंक तालिका एवं प्रमाण–पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।
5. विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी। तलाकशुदा/परित्यक्ता के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होगे।
6. यदि वर्तमान में कार्यरत कोई ऑगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिका द्वारा ग्राम सभा सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष/ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका सदस्य एवं सभासद/पार्षद तथा महापौर आदि पर निर्वाचित हो जाती है तो उसकी मानदेय आधारित संविदा सेवा निर्वाचित घोषित होने के बाद तथा शपथ लेने की तिथि से स्वतः समाप्त समझी जायेगी। इसके लिए अलग से नोटिस दिये जाने की बाध्यता/आवश्यकता नहीं होगी।
7. यदि कोई ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका चयन के बाद मूल निवास से सम्बन्धित अपना गॉव छोड़ देती है या किसी अन्य गॉव में निवास करने लगती है या शादी होने की स्थिति में अन्यत्र रहने लगती है, तो ऐसी परिस्थितियों में क्षेत्रीय मुख्य सेविका व बाल विकास परियोजना अधिकारी से आख्या प्राप्त कर मानदेय आधारित सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेगी।
8. एक ऑगनबाडी केन्द्र पर एक ही परिवार की दो महिलाओं की नियुक्ति ऑगनबाडी कार्यकत्री व सहायिका के पद पर नहीं की जायेगी।

9. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र अथवा किसी भी प्रकार के अभिलेख किसी भी दशा में ऑफलाइन मान्य/स्वीकार नही किये जायेगें। आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण, एवं जाति प्रमाण प्रमाण पत्र ऑनलाईन साइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत मान्य होंगे।

10. आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध फार्मेट पर ऑनलाइन व सही–सही सावधानी पूर्वक भरे जायेंगे। आवेदिका द्वारा समस्त अभिलेखों की स्व–हस्ताक्षरित प्रति, जो स्वच्छ व पठनीय हो, अपलोड की जाएगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म में किया गया होगा। कोई भी आवेदन या अभिलेख/प्रपत्र ऑफलाइन या डाक द्वारा मान्य नहीं होंगे। यदि आवेदन करने में कोई त्रुटि होती है या कोई तथ्य/आंकड़े/शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक/पूर्णांक गलत या कूटरचित पाए जाएंगे, तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

11. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 24/11/26 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

12. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय,

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
बदायूँ।

पृष्ठांकन 2605 /तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0 प्र0 लखनऊ।
02. जिलाधिकारी, बदायूँ।
03. मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ।
04. समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद बदायूँ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपरोक्त विज्ञप्ति की एक प्रति अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
05. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद बदायूँ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपरोक्त विज्ञप्ति की एक प्रति अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
06. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को इस आशय से कि अपने कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।
07. नाजिर, कलेक्ट्रेट/विकास भवन बदायूँ को इस आशय से कि विज्ञप्ति की एक प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें।
08. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण को इस आशय से कि अपने समाचार पत्र में उपर्युक्त विज्ञप्ति प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु उपलब्ध करायें।
09. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान को इस आशय से कि अपने समाचार पत्र में उपर्युक्त विज्ञप्ति प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु उपलब्ध करायें।
10. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त के प्रचार–प्रसार के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
बदायूँ।